# डीपीबीएस कॉलेज, अनूपशहर

महाशय दुर्गा प्रसाद मार्ग, अनूपशहर (बुलंदशहर) उत्तर प्रदेश
(सम्बन्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)
NAAC Certification Grade: B (CGPA-2.71)
ISO 9001:2015 (QCC/E69A/0524) Certificate College
Website: www.dpbspgcollege.edu.in, Phone 78950-05734
Email: dpbsprincipal@gmail.com

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दिनांक : **10/11/2025**

विषय: "रोजगार मेला 2025" एवं "Skill Development & Job Placement Camp" के प्रचार-प्रसार एवं विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु निवेदन।

प्रिय छात्र/छात्राएँ,

हमें यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि डीपीबीएस. कॉलेज, अनूपशहर में दिनांक **19** नवम्बर **2025** को **"**रोजगार मेला **2025"** एवं **"Skill Development & Job Placement Camp"** का आयोजन किया जा रहा है, जो जिला रोजगार कार्यालय, बुलंदशहर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को उनके कौशल एवं योग्यता के अनुरूप उपयुक्त रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस रोजगार मेले में 25 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी, जो 1000 से अधिक योग्य अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें नियुक्ति प्रदान करेंगी।

सभी विद्यार्थियों से निवेदन है कि वे इस रोजगार मेले में अवश्य भाग लें तथा विभिन्न कंपनियों द्वारा आयोजित इंटरव्यू में सम्मिलित हों। यह अनुभव आपके भविष्य के करियर निर्माण और आगामी इंटरव्यू की तैयारी में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। कृपया संलग्न QR कोड को स्कैन कर Google Form भरें तथा इंटरव्यू के लिए नाममात्र सहभागिता शुल्क (Nominal Participation Fee) संबंधित विभाग के प्रोफेसर को जमा करें। इससे आपकी पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। यह अवसर न केवल आपको उपयुक्त रोजगार प्राप्त करने का मार्ग प्रदान करेगा, बल्कि आपके व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास तथा संचार कौशल को भी सुदृढ़ करेगा।

अतः सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे इस सुनहरे अवसर का अधिकतम लाभ उठाएँ और "रोजगार मेला 2025" में सक्रिय रूप से भाग लें।

आपके सहयोग एवं सहभागिता की अपेक्षा के साथ।

(प्राचार्य)

डीपीबीएस. कॉलेज, अनूपशहर

जनपद बुलंदशहर – 203390

विभागवार शुल्क जमा सूची **(Nominal Participation Fee Submission List)**

| क्रमांक | पाठ्यक्रम / विभाग का नाम | शुल्क जमा करने के लिए संबंधित शिक्षक / प्रोफेसर का नाम |
|---|---|---|
| 1 | **B.A.** (बैचलर ऑफ आर्ट्स) | **Dr. Alok Kumar Tiwari** |
| 2 | **B.Sc.** (बैचलर ऑफ साइंस) | **Dr. Harendra Kumar** |
| 3 | **B.Com.** (बैचलर ऑफ कॉमर्स) | **Dr. Bhubnesh Kumar** |
| 4 | **B.Ed.** (बैचलर ऑफ एजुकेशन) | **Dr. Shaliendra Kumar Singh** |
| 5 | BCA (बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन्स) | **Mr. Pankaj Kumar Gupta** |
| 6 | M.A. (मास्टर ऑफ आर्ट्स) | **Dr. Sohan Arya** |
| 7 | M.Sc. (मास्टर ऑफ साइंस) | **Deekshit Kumar** |
| 8 | M.Com. (मास्टर ऑफ कॉमर्स) | **Dr. Vishal Sharma** |